# संगठन को मजबूत बनाने में जुटेंगे, फिर से लोकसभा चुनाव में लड़ेंगे : यशपाल

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर पूर्व और पश्चिम विधानसभा चुनाव के बाद आज जिला कांग्रेस कार्यालय में बीकानेर शहर जिला कांग्रेस की बैठक जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत अध्यक्षता में आहुत की गई।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहाकि आप सभी ने अपनी पूरी ईमानदारी से निष्ठा से मेहनत की है। ये अलग बात है कि हम चुनाव जीत नहीं पाए। फिर भी आप सभी को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। हम एक बार फिर से आगामी लोकसभा और नगर निगम के चुनाव में मजबूती से लड़ेंगे और जो गलतियां हुई है उनको दूर करने का प्रयास करेंगे।




चुनाव नतीजों के बाद बीकानेर जिला कांग्रेस की बैठक को शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने संबोधित किया।

■ यशपाल ने कहा चुनाव बाद जिला कांग्रेस की बैठक में आए सबके सुझावों पर अमल करेंगे

यशपाल गहलोत ने कहा कि आपने जो भी बातें कही है जो सुझाव संगठन को दिए हैं उनको अमलीजामा पहनाया जायेगा। आप सभी के लिए यशपाल पहले से भी ज्यादा उत्तरदायित्व निभाऊंगाद्ध आप जहा कहेंगे वहा में आपके साथ खड़ा रहूंगा।

मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि आप सभी लोगों की इतनी बड़ी संख्या में आना ये साबित करता है कि कांग्रेस का कार्यकर्ता मजबूत है और आप सभी के लिए कांग्रेस मजबूती से कार्य करेगी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव जिया उर रहमान आरिफ ने कहा कि चुनाव जीतना महत्वपूर्ण होता है लेकिन इसका मतलब ये बिलकुल नहीं की चुनाव हार गए तो अब क्या करें।

हम मजबूत पार्टी के मजबूत सिपाही है। हमारा समय आयेगा गलतियों को सुधारते हुए पुनः मैदान में जुटेंगे। प्रदेश महासचिव गजेन्द्र सिंह सांखला ने कहा कि कांग्रेस मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने में ना पहले पीछे रही ना आगे रहेगी। जिला कांग्रेस की बैठक को प्रदेश सचिव साजिद सुलेमानी, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोढा, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर नागौरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शर्मिला पंचारिया, उपाध्यक्ष अब्दुल मजीद खोखर, उपाध्यक्ष श्रीलाल व्यास, अरविंद मिढ़ा, उपाध्यक्ष अयूब अली सोढा, ललित तेजस्वी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुकेश राजस्थानी, हेमंत किराड़ू, पार्षद जावेद पडिहार, पार्षद शिवशंकर बिस्सा, पार्षद मुजाहिद कुरेशी, पार्षद किसन तंवर, पार्षद पूनमचंद ने संबोधित करते हुए कांग्रेस के साथ चलने का संकल्प दोहराया। सभा में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर और कल हुई करणी सेना के राष्ट्रीय संयोजक सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला, ब्लॉक, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, इंटक, विचार विभाग प्रकोष्ठ के पदाधिकरी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**मतदान दिवस के दिन अवकाश :** गंगानगर जिले की विधानसभा करणपुर में 5 जनवरी को मतदान दिवस के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार श्रीगंगानगर जिले की विधानसभा करणपुर में 5 जनवरी 2024 को मतदान दिवस के दिन अवकाश रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, उपक्रमों, बोर्ड, निगमों आदि में ऐसे कार्मिक जो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र करणपुर जिला गंगानगर के मतदाता के रूप में पंजीकृत है तथा राजस्थान राज्य में कार्यरत है। ऐसे कार्मिकों को आवेदन करने पर मतदान हेतु मतदान दिवस 5 जनवरी को संवेतनिक अवकाश दिया जायेगा।

## अनाज भंडारण के टिप्स बताए


**हनुमानगढ़,** (कासं)। कृषि प्रधान हनुमानगढ़ जिले में किसान गेहूं, धान, मूंग, मूंगफली, सरसों सहित अन्य अनाज का बम्पर उत्पादन कर रहे हैं। परंतु अनाज भंडारण मामले में अभी भी किसान ज्यादा जागरूक नहीं हो रहे हैं।

कृषि अधिकारियों के अनुसार अनाज भंडारण में सावधानी नहीं रखने पर कीड़ों, चूहों, मकड़ी व फफूंद आदि से लगभग 25 प्रतिशत तक अनाज नष्ट हो रहा है। इससे बचाव के लिए अनाज को अच्छी तरह सुखाकर पक्के गोदाम में रखना चाहिए। अगर कच्चे गोदाम में भंडारण किया जाए तो गोदाम को साफ कर लीप लें। पुरानी बोरियों पर मैलाथियान पांच प्रतिशत चूर्ण का हल्का लगाव करें। हवादार स्थान पर भंडारण करें।

भंडारित अनाज में कीड़ों का प्रकोप होने पर अनाज को हवा में उड़ाकर साफ कर लें और धूप में सूखा लें। गोदाम में कम से कम 72 घंटे एयर टाइट रखें। इससे गोदाम का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा। कृषि विभाग के टिप्स को अपनाकर किसान बहुत सी समस्याओं से बच सकते हैं। इसे अपनाने पर अनाज भंडारण सुरक्षित रहेगा। नमी, दीमक, चूहों आदि से छुटकारा मिल सकेगा। कृषि विभाग हनुमानगढ़ के सहायक निदेशक बीआर बाकोलिया के अनुसार अनाज भंडारण के जरिए किसान आमदनी बढ़ा सकते हैं। साथ ही अनाज को खराब होने से बचा सकते हैं। किसान सदियों से अनाज पैदा करते हैं। उसे सुरक्षित भी रखने के अनेक उपाय करते हैं।

## सार-समाचार

### नशा मुक्ति एवं पर्यावरण पर व्याख्यान



डूंगर कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ( दाएं ) ने शिविर में नशा मुक्ति एवं पर्यावरण वानिकी पर व्याख्यान दिया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय में एन. एस. एस. की चारों इकाईयों द्वारा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 'नवचेतना जीवन कौशल व नशा मुक्ति' एवं पर्यावरण वानिकी' विषयों पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेना शर्मा, अपर जिला सेशन न्यायधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में जुगल किशोर व्यास, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, अरविन्द सिंह सेंगर, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड व डॉ. संजय गर्ग वरिष्ठ चिकित्सक, केन्द्रीय कारागार मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने स्वयंसेवकों को व्यसन मुक्त जीवन जीने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि शर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के विषय में बताते हुए स्वयंसेवकों को नशे से मुक्त रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. गर्ग ने नशे के स्वास्थ्य व व्यक्तित्व पर पड़ने वाले कुप्रभावों से स्वयंसेवकों को अवगत करवाया। प्रो. डॉ. श्यामसुंदर ज्याणी ने भी ज्वलंत विषय पर्यावरण वानिकी की उपादेयता पर अपने विचार साझा किए। स्वयंसेवकों को पर्यावरण हेतु सजग, सचेत रहकर सकारात्मक योगदान की अपील की। अन्य अतिथियों ने भी स्वयंसेवकों को नशे से मुक्त रहने व राष्ट्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिविर में उपस्थित स्वयंसेवकों द्वारा प्रताप सभागार व महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्वक श्रमदान भी किया गया। कार्यक्रम में एन. एस. एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सम्पत भादू, डॉ. निर्मल कुमार रांकावत, डॉ. राजेन्द्र सिंह व अन्य विद्वान संकाय सदस्य तथा अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन एन. एस. एस. के समन्वयक डॉ. केसरमल ने किया।

### रेलकर्मी से मोबाइल फोन छीना

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में लूट खसोट की वारदातें बढ़ती जा रही है। किसी काम से दौसा से डीआरएम कार्यालय पहुंचे एक रेलकर्मी का मोबाइल छीन बाइक सवार फरार हो गए। इस आशय की रिपोर्ट दौसा महुआ के रहने वाले रेलकर्मी हरिमोहन मीणा ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह किसी काम से डीआरएम ऑफिस आया था। इस दौरान डीआरएम ऑफिस के आगे मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान मोटर साइकिल पर सवार होकर आए बदमाश उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। बीकानेर में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीकानेर के नयाशहर पुलिस थाना क्षेत्र में चोरों ने एक डेयरी बूथ को निशाना बनाया है। इस आशय की रिपोर्ट मुरलीधर व्यास कॉलोनी निवासी उमेश रांकावत ने थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसका परशुराम द्वार के नजदीक बूथ है। 03 जनवरी की रात को अज्ञात चोर बूथ का ताला तोड़ उसमें से सामान के साथ-साथ मंदिर में स्थित गुल्लक से करीबन 22 हजार रुपये चुरा ले गए।

### आज नाम वापसी, कल मतदान

**सुजानगढ़,** (निसं)। अभिभाषक संघ के ०8 दिसम्बर को होने वाले चुनाव में विभिन्न पदों के लिए 28 वकीलों ने निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन जमा दिया है। निर्वाचन अधिकारी एड. बनवारीलाल खीचड ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए हरिश गुलेरिया, नरेश सोनी, दिनेश दाधीच, बुद्धिप्रकाश प्रजापत, गोर्वधनलाल चौधरी, उपाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद दयान, हरिश गुलेरिया, विमल गोदारा, बुद्धिप्रकाश प्रजापत, सुल्तानसिंह, सचिव पद के लिए बनवारी लाल बिजारणिया, हरिश गुलेरिया, नवरतन सैनी, विरेन्द्र कुमार पारीक, स्वप्निल सोनी, ओमप्रकाश घोटिया, संयुक्त सचिव के लिए तोलाराम गोदारा, नरेश कुमार सिंवर, महावीर प्रसाद, विमल कुमार गोदारा, शक्तिसिंह, मधु चौबदार, कोषाध्यक्ष के लिए डूंगर सिंह, विरेन्द्र कुमार पारीक, पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए विमल कुमार गोदारा, कपिल भामा, मधु चौबदार, अक्षय शर्मा ने अपना नामांकन जमा किया है। निर्वाचन अधिकारी एड. बनवारी खीचड ने बताया कि सात दिसम्बर गुरूवार को दोपहर एक बजे तक नाम वापसी होगी तथा आवश्यकता होने पर आठ दिसम्बर शुक्रवार को सुबह 1० बजे तक मतदान होगा और उसके बाद मतगणना होगी। चुनाव सम्बंधी कार्य में सहायक निर्वाचन अधिकारी एड. प्रदीप कठातला सहयोग कर रहे हैं।

### सड़क निर्माण का नहीं लगाया बोर्ड

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत हसामपुर में हसामपुर से लादी का बास प्रस्तावित सड़क सुदृढीकरण व चौड़ाइकरण कार्य शुरू हुए लगभग चार माह हो गए। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार की मिली भगत के चलते नियमों के विपरीत कार्य किया जा रहा है। निर्मित सड़क के बारे में स्थानीय निवासियों को संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार कोई जानकारी नहीं दे रहे है। जबकि नियमानुसार कार्य प्रारंभ करने के स्थान पर सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है जिसमें कार्य संबंधित सभी आवश्यक जानकारी होती है। सूचना पट्ट पर संवेदक (ठेकेदार) का नाम, फोन नंबर, गारंटी अवधि में रखरखाव का विवरण ,डामर सड़क ,सीसी सड़क, पुलिया ,रपटे, लंबाई - चौड़ाई एवं रखरखाव आदि गतिविधियों की जानकारी होती है। आबादी में ठेकेदार की जेसीबी मशीन से रात्रि में कार्य किया जाता है, न ही कोई ट्रैफिक व्यवस्था की गई है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों, दो पहिया वाहनों, स्कूल बसों को असुविधा होती है।

# प्रेमी के साथ पति को मारने की रची साजिश, दोनों पकड़े गये

**बीकानेर,** (कासं)। प्रेमी के साथ पत्नी ने पति को मारने की साजिश रची जो असफल रही। बाद में दोनों पकड़े गए। दोनों को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भिजवा दिया गया है।

■ प्रेमी के साथ मिलकर पति के दोनों हाथों पर बिजली के तार बांध कर करंट छोड़ दिया और वहां से भाग गए

पुलिस के अनुसार शबाना अपने पति अकबर से परेशान थी। वह उसे प्रताड़ित करता था। दोनों में अक्सर झगड़े होते थे। पति की अनबन के चलते वह आरोपी हाजी शाह के संपर्क में आ गई। जामसर थाना इलाके में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को जान से मारने की साजिश रची लेकिन सफल नहीं हो पाई। पुलिस ने घटना के पांचवें दिन आरोपी महिला व उसके प्रेमी को हनुमानगढ़ से दबोच लिया।

जामसर सीआई इन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी शबाना पत्नी अकबर शाह एवं जामसर थाना क्षेत्र निवासी हाजी शाह पुत्र हसन को हनुमानगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भिजवा दिया गया है। पुलिस के अनुसार शबाना अपने पति अकबर से परेशान थी। वह उसे प्रताड़ित करता था। दोनों में अक्सर झगड़े होते थे। पति की अनबन के चलते वह आरोपी हाजी शाह के संपर्क में आ गई।

दोनों आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। वारदात का पता चलने पर पुलिस आरोपियों के पीछे लगी थी। दो दिन की तलाश के बाद पुलिस को मुखबिर के जरिए आरोपियों के हनुमानगढ़ जिले में अपने किसी परिचित के यहां ठहरे होने की सूचना मिली। पुलिस ने सूचना पुख्ता करने के बाद तड़के वहां दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया और बीकानेर ले आई।

एसएचओ ने बताया कि पीड़ित की पत्नी और उसके प्रेमी ने अकबर के हाथों को तारों से बांधने के बाद बिजली का स्विच ऑन कर दिया। इसके बाद दोनों वहां से भाग छूटे लेकिन हाई वोल्टेज का करंट जाने से तार टूट गए। हालांकि करंट का झटका लगने से अकबर बेहोश हो गया। दोनों आरोपियों ने घटना को हादसे का जामा पहनाने की पूरी कोशिश की। लेकिन उन्हें पता नहीं था कि वह बच जायेगा। वारदात के बाद दोनों भाग कर हनुमानगढ़ चले गए।

जलालसर निवासी अकबर पुत्र गनी शाह ने दो दिसम्बर को थाने में अपनी पत्नी शबाना एवं उसके प्रेमी हाजी शाह के खिलाफ जान से मारने के प्रयास के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया कि एक दिसम्बर को उसकी पत्नी ने दूध में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया। बाद में अपने प्रेमी के साथ मिलकर दोनों हाथों पर बिजली के तार बांध कर करंट छोड़ दिया और वहां से भाग गए। जब परिवादी को होश आया तो करंट से उसके हाथ झुलस गए थे।

## तीन लाख से अधिक ने भरा परीक्षा फॉर्म

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की ओर से मुख्य परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्य परीक्षाओं को लेकर फॉर्म भरने की अंतिम तिथि पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवेदन करने के लिए ई-मित्र केन्द्र पहुंचे और इसके बाद कॉलेजों में फॉर्म जमा करवाने के लिए भी पहुंचे।

इसकी वजह से कॉलेजों में लम्बी कतारें लगी रही। एमजीएसयू के परीक्षा नियंत्रक राजाराम चोयल ने बताया कि अंतिम तिथि तक तीन लाख से अधिक विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आवेदन करने की तिथि को भी बढ़ाया गया था। अब विद्यार्थियों को 100 रूपए विलम्ब फीस के साथ आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसको लेकर लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है। इसके बाद विवि. की मुख्य परीक्षाओं की तैयारी की जायेगी।

वहीं दूसरी ओर सोमवार को राजकीय डूंगर और महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय में फॉर्म जमा करवाने पहुंचे विद्यार्थियों की लम्बी कतारें देखने को मिली।

# परीक्षा नजदीक, कॉलेजों में कोर्स अभी तक अधूरा

**बीकानेर,** (कासं)। स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 जनवरी के आसपास हो सकती हैं। वहीं मुख्य परीक्षाओं का आयोजन फरवरी-मार्च में ही होना प्रस्तावित है। परीक्षाओं को लेकर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परीक्षा की तिथि को लेकर मंथन किया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ सरकारी कॉलेजों की स्थिति यह है कि अभी तक कक्षाओं में कोर्स ही पूरे नहीं हो सके हैं।

■ अब तक 50 फीसदी ही कोर्स पूरा हो सका है

■ दावा किया जा रहा है कि इस महीने कोर्स पूरा करवा दिया जायेगा

सबसे खास बात यह है कि विवि की ओर से पहली बार स्नातक प्रथम सेमस्टर परीक्षाओं का आयोजन ओएमआर सीट से करवाया जायेगा। संभाग की सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय की तो यह स्थिति है कि यहां पर अब तक 50 फीसदी ही कोर्स पूरा हो सका है। दावा किया जा रहा है कि इस महीने कोर्स पूरा करवा दिया जायेगा। प्राचार्य की ओर से भी लगातार देख-रेख की जा रही है। लगातार बैठक लेकर कोर्स पूरा करवाने का प्रयास किया जा रहा है। यही स्थिति राजकीय महारानी कॉलेज की भी है। यहां भी अभी तक महज 50 फीसदी ही कोर्स पूरा हो सका है।

प्रो. राजेन्द्र पुरोहित, प्राचार्य, राजकीय डूंगर महाविद्यालय ने बताया कि कॉलेज में कोर्स पूरा करवाने को लेकर पाबंद किया जा रहा है। रिवीजन भी करवाया जायेगा। मैं खुद इसकी मॉनिटरिंग भी कर रहा हूं, जिससे पढाई पर किसी भी तरह का कोई असर न पड़े। कक्षाओं के राउंड ले रहा हूं। दिसम्बर तक कोर्स पूरा करवा दिया जायेगा।

प्रो. नंदिता सिंघवी, प्राचार्य का कहना है कि महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय कॉलेज में लगातार कक्षाएं लग रही हैं लेकिन विद्यार्थी नहीं आ रहे हैं। अभी फॉर्म जमा करवाने की प्रक्रिया भी चल रही है।

# वाहन चोरी की घटनाएं बनी पुलिस के लिए चुनौती

**हनुमानगढ़,** (कासं)। क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह के सदस्य पुलिस की आंख में धूल झोंककर लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। एक के बाद एक हो रही वाहन चोरी की घटनाएं पब्लिक व पुलिस दोनों के लिए सिरदर्द बनती जा रही है।

स्थिति यह है कि घर-बाहर कहीं भी लोगों के वाहन सुरक्षित नहीं हैं। इस वजह से लोग घरों में वाहनों को ताले में बंद करके रख रहे हैं। फिर भी चोर वाहनों को लगातार उठाकर ले जा रहे हैं। चोरों की यह चुस्ती, पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवालिया निशान उठा रही है। जिला मुख्यालय व इसके आसपास में स्थिति यह है कि रात तो राहत, दिन-दहाड़े भी चोर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि जंक्शन में कलक्ट्रेट परिसर से, टाउन में निजी अस्पताल के बाहर से व संगरिया में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई।

असरफ खां निवासी धन्नासर (रावतसर) ने टाउन पुलिस थाना में रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसके चाचा रमजान का टाउन के हिसारिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह दो दिसम्बर की शाम करीब सवा चार बजे अपने चाचा का हालचाल जानने के लिए हिसारिया अस्पताल पहुंचा। वहां से बाइक चोरी हो गई।

## शिविर में 106 यूनिट ब्लड डोनेट

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक शिक्षण संस्थान में स्व. नोरंगराम ढूकिया की पुण्य स्मृति में संस्थान में रक्तदान शिविर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। ढूकिया ने कहा कि रक्तदान महादान है, अपने जीवन में लोगों को रक्तदान जैसे पुण्य काम करना चाहिए। रक्तदान करने से जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान का कितना महत्व है, इसका अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान शिविर में 106 रक्तवीरों नें रक्तदान किया। अतिथियों द्वारा रक्तवीरों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान किया।

# गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में धरना-प्रदर्शन, बाजार बंद रहे

**बीकानेर,** (कासं)। जयपुर में कल श्रीकरणी राजपूत सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या करने के बाद बीकानेर समेत सभी जगह क्षत्रिय समाज खासा उद्वेलित है। इसको लेकर बुधवार को क्षत्रिय समाज के आव्हान पर बीकानेर का बाजार बंद रहा।

■ क्षत्रिय समाज ने निकाला जुलूस, कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

■ बीकानेर में बाजार बंद रहे

बंद को सर्व समाज ने समर्थन दिया है। उधर क्षत्रिय समाज के लोग बीकानेर के कीर्ति स्तम्भ सर्किल पर सवेरे से ही जमा होने लगे। क्षत्रिय समाज ने कीर्ति स्तम्भ से जुलूस निकाला। जुलूस मुख्य मार्गों से होता हुआ कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां क्षत्रिय समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। क्षत्रिय समाज ने गोगामेड़ी की हत्या करने वालों को तुरंत गिरफ्तार करने व उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें कि मंगलवार दोपहर को गोगामेड़ी के जयपुर स्थित आवास पर मिलने के लिए पहुंचे बदमाशों ने गोगामेड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी। इसी के साथ वहां मौजूद लोगों पर भी बदमाशों ने फायरिंग की। गोगामेड़ी जीवित न बचे। इसके चलते बदमाश ने अंतिम क्षण में उनके नजदीक जाकर उन पर एक और गोली दागी। गोगामेड़ी को मेट्रो मास हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गोगामेड़ी के साथ घटना के दौरान मौजूद रहे अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# बीकानेर रेल मंडल में बाबा साहेब अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। उत्तर- पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल द्वारा बुधवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 68 वां महापरिनिर्वाण दिवस समारोह मनाया गया।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में मनाये गए इस समारोह की अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक रूपेश कुमार ने की। इस समारोह में मंडल के अधिकारीगण, मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधि तथा ऑल इंडिया एससी एंड एसटी रेल एम्प्लॉयज एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए। समारोह के आरंभ में अपर मंडल रेल प्रबंधन रूपेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



अपर मंडल रेल प्रबंधक रूपेश कुमार ( दाएं ) ने बाबा साहेब अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

■ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक रूपेश कुमार एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बारहठ ने अपने विचार व्यक्त किए। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि इस देश को सामंतवाद से समाजवाद की ओर लाने में तथा गरीबों के उत्थान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक अन्याय के विरूद्ध महिलाओं तथा श्रमिकों को भी समाज की मुख्य धारा में लाने का काम किया। ऑल इंडिया एससी एंड एसटी रेल एम्प्लॉयज एसोसिएशन के पदाधिकारी मोहनलाल बुनकर, मुकेश कुमार तथा निरंजन लाल मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह का संचालन विमल नंगल ने किया।

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेन्टर फॉर मार्जिनलाइज्ड सोसायटी द्वारा आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर सेन्टर के डॉयरेक्टर डॉ. गौतम मेघवंशी द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जीवन शैली व विचारधारा पर प्रकाश डाला।

# एक दशक बाद राजुवास को मिले 48 नए शिक्षक व समकक्ष

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय की 33 वीं प्रबंध मण्डल की बैठक बुधवार को कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग की अध्यक्षता में कुलपति सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रबंध मण्डल ने विगत दिनों में हुए विभिन्न साक्षात्कार के परिणामों को घोषित किया।

प्रबन्ध मंडल ने कुल 48 सहायक आचार्य, सहायक निदेशक प्रसार, सहायक निदेशक अनुसंधान एवं सहायक लाइब्रेरियन के पदों पर हुए साक्षात्कार के परिणामों का अनुमोदन किया गया। कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा लम्बे समय बाद राज्य सरकार की स्वीकृति उपरान्त रिक्त पदों को भरने के लिए साक्षात्कार घोषित किए गए थे। जिनका परिणाम इस बैठक में घोषित किया गया। जिससे एक दशक बाद विश्वविद्यालय को 48 नए शिक्षक व समकक्ष व्यक्ति मिले हैं। यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। नवीन पदों की भर्ती से विश्वविद्यालय के शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रसार कार्यों को गति मिलेगी।




वेटरनरी विश्वविद्यालय प्रबंध मण्डल की बैठक को कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ( सामने ) ने संबोधित किया।

बैठक में प्रबंध मण्डल की गत बैठक की पालना रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया। विश्वविद्यालय की कुलसचिव बिन्दु खत्री ने बैठक में एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में प्रबंध मण्डल के सदस्य प्रो. ए. के. गहलोत, प्रो. रूद्र प्रताप पाण्डे, डॉ. अमित नैन, प्रो. जे.बी. फोगाट, श्रीमती कृष्णा सोलंकी, अशोक मोदी, पुरखाराम, प्रो. ए.पी. सिंह, प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, प्रो. हेमन्त दाधीच, बी.एल. सर्वा एवं डॉ. एस.एन. पुरोहित ने भाग लिया।